उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
U.P.POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।
CIN:U32201UP1999SGC024928

संख्याः 2225–अ0प्र0–04/पाकालि/2018–9(79)/98 दिनांकः ~~नवम्बर~~ ,2018
दिसम्बर 10, 2018

प्रबन्ध निदेशक, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी,
प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ,
प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ,
प्रबन्ध निदेशक, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा,
प्रबन्ध निदेशक, केस्को कानपुर,
प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

विषयः **सहायक अभियन्ताओं के कार्यभार–प्रमाणक उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में संज्ञानित कराना है कि कारपोरेशन मुख्यालय के अन्तर्गत उपसचिव (04) के कार्यालय द्वारा सहायक अभियन्ताओं के कॉमन कैडेर होने के दृष्टिगत उनकी पद्धारिता, रिक्तियों का आगणन एवं उनकी वर्तमान तैनाती से सम्बन्धित सूचनाओं/अभिलेखों का संकलन किया जाता रहा है। सहायक अभियन्ताओं की वर्तमान तैनाती की सही सूचना प्राप्त करने के लिये मुख्यालय स्तर पर कार्यभार प्रमाणक का विशेष महत्व है परन्तु प्रायः यह देखा गया है कि सम्बन्धित इकाईयों/कार्यालयों द्वारा कारपोरेशन मुख्यालय को सहायक अभियन्ताओं के कार्यभार प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं।

अतएव कार्यभार प्रमाणक की महत्ता के दृष्टिगत भविष्य में अपने डिस्काम में कार्यरत समस्त सहायक अभियन्ताओं के प्रोन्नति, विनियमितीकरण, अतिरिक्ति कार्यभार, नियुक्ति, स्थानान्तरण एवं अवकाश आदि लेने की दशा में उनके कार्यभार प्रमाणक उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ को नैत्यिक कार्यों तथा अभिलेखों को अद्यतन (update) करने के प्रयोजनार्थ ससमय निम्नानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

1. सहायक अभियन्ताओं से सम्बन्धित कार्यभार–प्रमाणक उपसचिव (04), उ0प्र0पाकालि, शक्ति भवन, लखनऊ को।
2. सहायक अभियन्ता (प्रशिक्षु) से सम्बन्धित कार्यभार–प्रमाणक उपसचिव (07), उ0प्र0पाकालि, शक्ति भवन, लखनऊ को।
3. सहायक अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता (प्रशिक्षु) दोनों से सम्बन्धित होने की दशा में कार्यभार–प्रमाणक उपसचिव (04) एवं उपसचिव (07) दोनों को ही पृष्ठांकित करने का कष्ट करें।

कृपया कार्यभार–प्रमाणक निर्गत करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि सहायक अभियन्ताओं से सम्बन्धित समस्त विवरण, विशेषकर उनकी अभिज्ञान संख्या/अनुक्रमांक, सम्प्रेक्षा संख्या, तैनाती इकाई एवं अन्य समस्त सूचनाएं अत्यन्त सावधानीपूर्वक अंकित कर दी गयी हैं।

उपरोक्त निगमीय कार्यों हेतु डिस्काम स्तर से विशेष सहयोग कृपया अपेक्षित है।

भवदीय,

(हिमांशु वार्ष्णेय)
उपसचिव (04)

ख्याः 2225 (1)–अ0प्र0–04/पाकालि/2018 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया प्रेषित है :–

1. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), मध्यांचल/दक्षिणांचल/पूर्वान्चल/पश्चिमांचल, वि0वि0नि0लि0, लखनऊ/आगरा/वाराणसी/मेरठ एवं केस्को, कानपुर तथा उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता।
3. अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0पाकालि, शक्ति भवन, लखनऊ।

(हिमांशु वार्ष्णेय)
उपसचिव (04)